दिन–शनिवार | दिनांक– 03 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत में कृषि क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

02. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत सप्ताह संपन्न। एक हजार से अधिक मामलों का किया गया निपटारा।

03. गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कार से दस करोड़ रूपये मूल्य की तिहत्तर किलो चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, बक्सर, किशनगंज, अररिया और पूर्णियां जिले में बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में बत्तीसवें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

———बाईट———

आज भारत एक फूड सरप्लस देश है। दूध, दाल और मसाले का सबसे बड़ा प्रोड्यूसर है। फूड ग्रेन, फ्रूट्स, वेजिटेबल, कॉटन, शुगर, पी, फ्राम्ड फिश इनका दूसरा सबसे बड़ा प्रोड्यूसर। एक वो समय था जब भारत की फूड सिक्योरिटी दुनिया की चिंता का विषय, एक आज का समय है जब भारत ग्लोबल फूड सिक्योरिटी, ग्लोबल न्यूट्रीशन सिक्योरिटी इसके सॉल्यूशन देने में जुटा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस–पच्चीस के केन्द्रीय बजट में सतत कृषि पर ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में नौ लाख हेक्टेयर भूमि सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत लाई गई है। खेती के लिए ड्रोन को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन उपायों से केवल देश के किसानों को ही लाभ नहीं होगा बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

———बाईट———

ड्रोन का उपयोग भी खेती में बहुत तेजी से प्रमोट हम कर रहे हैं। ड्रोन से होने वाली खेती की कमान हमारी ड्रोन दीदीयों को दी जा रही है। ये जो भी कदम है इनसे भारत के किसानों का फायदा हो गया ही इसे ग्लोबल फूड सिक्योरिटी को भी ताकत मिलेगी।

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कृषि विकास दर विश्व में लगातार सबसे अधिक बनी हुई है। उन्होंने भुखमरी और कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में कमी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान पर जोर दिया।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत सप्ताह आज संपन्न हो गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह पहल की थी। समारोह को संबोधित करते हुए कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस लोक अदालत में एक हजार से अधिक मामलों का निपटान किया गया। समारोह में प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड ने भी लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री पासवान पटना में आयोजित इंडस्ट्री गोलमेज बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में इस क्षेत्र के संभावित अवसरों और मेगा फूड इवेन्ट से संबंधित विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। श्री पासवान ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग बिहार के युवाओं को रोजगार देने और बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय मखाना महोत्सव की शुरूआत हुयी। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने महोत्सव की विधिवत शुरूआत की। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत कराना है। साथ ही इसके व्यापार को बढ़ावा देना है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले

दो वर्षों में सरकार ने पचास हजार हेक्टेयर में मखाना की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है।

———बाईट———

मखाना महोत्सव के दौरान मखाना के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है। साथ ही महोत्सव में मखाना व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने और उत्साह के साथ इसमें भाग लेने की अपील की है। सोशल मीडिया एक पोस्ट में उन्होंने लोगों से नौ से पंद्रह अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा के पुरैनी में सबसे अधिक एक सौ नौ दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, गया के शेरघाटी में नब्बे दशमलव दो और डोभी में अस्सी मिलीमीटर बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, बक्सर, किशनगंज, अररिया और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और कटिहार जिले में एक—दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज हवा चलने के साथ—साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

पंचायती राज विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने आज पटना के फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा पंचायत में वन महोत्सव की शुरूआत की। श्री गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के दौरान राज्य की सभी पंचायतों में साढ़े पांच लाख पौधे लगाए

जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बरगद, पीपल, नीम, महुआ, आम, और इमली के पौधे प्राथमिकता के आधार पर लगाये जायेंगे।

———बाईट———

————————————————————————

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से तिहत्तर किलो चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बरामद चरस का बाजार मूल्य दस करोड़ रूपये है।

———बाईट———

————————————————————————

गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक निजी टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी को गोली मारक चौदह लाख रूपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि तीन की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। इनमें से दो अपराधियों को शेरघाटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूट की रकम भी बरामद की गयी है। इधर, घायल कर्मी को बेहतर इलाज के लिए गया स्थित एएनएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ईको पर्यटन के विकास के लिए नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही डेढ़ वर्षों से बंद जलप्रपात को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है।

————————————————————————

बांका जिले में संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तय मानकों के कार्यान्वयन के लिए जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि छह में से तीन मानकों को सितम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

————————————————————————

सुपौल जिला बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में जून महीने में राज्यभर में पहले स्थान पर रहा।

---

गया के शेरघाटी व्यवहार न्यायालय में पिछले दिनों पेशी के लिए लाए गये एक कैदी पर गोलीबारी करने के आरोप में पुलिस ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के महुआवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा से एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक तस्कर को भारी मात्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत में कृषि क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

02. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत सप्ताह संपन्न। एक हजार से अधिक मामलों का किया गया निपटारा।

03. गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कार से दस करोड़ रूपये मूल्य की तिहत्तर किलो चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, बक्सर, किशनगंज, अररिया और पूर्णियां जिले में बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।